## खबर संक्षेप

### रेत की जगह रेलवे में हो रहा डस्ट का उपयोग



**शहडोल।** रेलवे द्वारा नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से घटिया निर्माण करवाए जा रहे है, जिससे आने वाले दिनों में रेलवे को भारी नुकसान होगा, रेलवे परिसर अंतर्गत निर्माण कार्य टेंडर ठेकेदार से करवाया जा रहा है। जिसमे रेलवे निर्माण शाखा के अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार नियम कायदो को दरकिनार कर घटिया सामग्रियों का उपयोग कर निर्माण किया जा रहा है। रेलवे परिसर अंतर्गत नाली निर्माण के अलावा वाहन पार्किंग में रेत की जगह स्टोन क्रेशर का डस्ट उपयोग किया जा रहा है। निर्माण को देखकर ऐसा लगाता है कि ठेकेदार को रेलवे के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। शहडोल मुख्यालय अंतर्गत जितने भी निर्माण कार्य चल रहे है, वहां स्टोन डस्ट देखी जा सकती है, कायदे के अनुसार पक्के निर्माण के दौरान ठेकेदार का इंजीनियर मौके पर होना चाहिए, लेकिन मुंशी के भरोसे ठेकेदार द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

### 12 स्थानों से 84 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 15 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 12 स्थानों पर दबिश देकर कुल 84 लीटर कच्ची महुआ जप्त की गई।

### गुरजस ने 14 की उम्र में प्राप्त की इंटरनेशनल वरियता

**शहडोल।** नगर परिषद बरगवां अमलाई में रहने वाले 14 साल के गुरजस सिंह बग्गा ने शतरंज के खेल में शोहरत पाई है, 01 से 19 साल तक के वर्ग के पहले बालक हैं, जिन्हें शहडोल संभाग में आल इंडिया चैस फेडरेशन द्वारा 1503 रेटिंग प्रदान की गई है। शहडोल शतरंज संघ के अध्यक्ष की रेटिंग भी उनसे कम बताई गई है। 14 साल के गुरजस बग्गा शतरंज के ख्याति प्राप्त खिलाड़ी अमरजीत बग्गा के पौत्र एवं कारोबारी रिशु बग्गा के पुत्र हैं। गौरतलब है कि जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में गुरजस ने बीते वर्षों से शहडोल सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों और अन्य प्रदेशों में भी अपनी कला के जौहर दिखाये हैं, गुरजस के सफलता पर जिला शतरंज संघ सहित स्थानीय बुद्धजीवियों व शतरंज प्रेमियों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई चुनाव सेल की बैठक

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा 16 अप्रैल को कार्यालय में चुनाव सेल की बैठक ली गई। बैठक में मतदान की अंतिम तैयारियों को लेकर की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि ड्यूटी में लगा बल बलवा सामग्री आवश्यक से रखें। रिजर्व बल, क्विक रिस्पांस टीम, ड्यूटी वितरण तथा मतदान उपरांत मतदान दल की वापसी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, बॉर्डर सीलिंग, शुष्क दिवस का अनुपालन, होटल लॉज चेकिंग आदि के संबंध में निर्देश दिये गए। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) विकास पाण्डेय, रक्षित निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह कुशवाह एवं अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जीवन की सुरक्षा नहीं, चुनाव का होगा बहिष्कार

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी जनपद की ग्राम पंचायत बोचरो के ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए लोकसभा निर्वाचन वर्ष-2024 में मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

# फर्शीकरण अधर में लटका, बाउण्ड्री तोड़ कर निकाली जगह

## नपा की आंखों तले नहीं ठहर रही विराटेश्वरी धाम की सुविधाएं







शहडोल।

गल्ला मण्डी के समीप स्थित मां दुर्गा का विराटेश्वरी धाम वैसे तो अपनी महिमा के लिए प्रसिद्ध है और बारहो महीने यहां भक्त पहुंच कर माता की सेवा करते हैं। लेकिन माता का धाम निरंतर विकसित होता रहा है। इसमें भक्तों के लिए सुविधाएं बढ़ाने हेतु नगरपालिका ने कुछ निर्णय लिए थे जो आज तक पूरे नहीं हुए। चूंकि यहां नगरपालिका के काम का निर्णय हुआ है इसलिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा भी यहां काम नहीं कराया जा रहा है। कई वर्षों से काम अधर में लटका हुआ है। इसके अलावा नगरपालिका की उदासीनता के कारण मंदिर के चारो ओर अतिक्रमण को भी बढ़ावा मिल रहा है। मंदिर के आसपास की साफ सफाई में भी कोताही बरती जा रही है। नगर पालिका के इस लापरवाही की नागरिकों ने कड़े शब्दों में निंदा की है।

### फर्शीकरण का कार्य नहीं हुआ

बताया गया कि मंदिर प्रांगण के एक हिस्से में नगरपालिका ने कुछ वर्षों पूर्व पेवर फर्शीकरण का निर्णय लिया था, इसके लिए बजट मिला और ठेका टेण्डर भी हुआ लेकिन उसके बाद काम नहीं हुआ। इसके अलावा मंदिर के सामने का एक बड़ा हिस्सा भी फर्शीकरण की बाट जोह रहा है। नगरपालिका आश्वासन तो दे देती है लेकिन फिर काम नहीं करती। मंदिर प्रांगण के फर्शीकरण का बजट आखिर कहां गया? इसका भी कोई अता पता नहीं है। मंदिर की साफ सफाई का भी नगरपालिका द्वारा ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इससे ज्ञात होता है कि नगरपालिका का मंदिर के विकास से कोई सरोकार नहीं है।

### पार्किंग स्थल के सामने दूकान बनाई

कुछ भक्तों ने बताया कि मंदिर में चूंकि बारहो महीने भक्तों की कतार लगती है इसलिए यहां वाहन पार्किंग की असुविधा होती है। इस असुविधा को दूर करने के लिए नगरपालिका ने स्वयं ही मंदिर के सामने एक भूखण्ड चयनित कर उसे मंदिर पार्किंग के लिए रख छोड़ा था। यहां काफी पुरानी एक छोटी सी बाउण्ड्रीवाल बनाई गई थी जिसे व्यापारी ने तोड़ कर अपनी दूकान के लिए रास्ता बना लिया है। स्थिति यह है कि यहां की पार्किंग उसकी दूकान के सामने होगी और विवाद की स्थिति निर्मित होगी। हालांकि अभी दूकान चालू नहीं हुई है लेकिन दूकान का बन जाना और बाउण्ड्री का टूटना ही आपत्ति के दायरे में आ रहा है। इस पर नगरपालिका से सवाल जवाब किया जा सकता है।

### मंदिर के समीप लगा मलबे का अम्बार

मंदिर प्रांगण के समीप कर्मचारी संघ के कार्यालय के सामने ही मलबे का अम्बार लगा हुआ है। बजार भर का कचरा लाकर यहां डम्प कर दिया जाता है। जिससे गंदगी फैल रही है और भीड़ भरे इस जगह पर संक्रमण फैलने का भय व्याप्त है। हालांकि कई व्यापारियों ने इस पर आपत्ति उठा कर नगरपालिका से शिकायत किया था और मलबा हटाने की मांग की थी, लेकिन नगरपालिका ने सुनना जरूरी नहीं समझा और निरंतर उसकी कारस्तानियां जारी हैं। मंदिर के मध्य से आम रास्ता बना हुआ है, इस पर भी पाबंदी लगाने कई बार ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नगरपालिका का ध्यान आकृष्ट कराया है लेकिन नगरपालिका नोटिस नहीं ले रही है। मंदिर के पीछे मूर्तियों का निर्माण होता है उसके लिए भी जगह चाहिए। जगह कम पड़ती है, मंदिर के पास जगह तो है पर वह उपयोग नहीं कर पा रहा है।



# सुशासन के दावों को मटियामेट करता ठेकेदार

## छात्रावास निर्माण में नींव में ही लगा भ्रष्टाचार का ग्रहण

**शहडोल।** छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक विकास हेतु शिक्षा अध्ययन प्रदान करने के लिये केंद्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा करोड़ों अरबों रूपये का बजट उड़ेल रही है, शिक्षा अध्ययन के लिये ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले विद्यार्थियों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सरकार द्वारा छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वे सुविधाजनक स्थान पर रहकर भोजन, पानी, निस्तार सहित अन्य सुविधाओं को पाकर शिक्षा अध्ययन कार्य कर सके। वहीं बीते वर्षो में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने 31 करोड़ की लागत से बनने वाले कन्या शिक्षा परिषद जयसिंहनगर का भूमि पूजन कर क्षेत्र वासियों को सौगात दी थी, उक्त कार्य का ठेका हुआ, वर्तमान में ठेकेदार द्वारा निर्माण शुरू कर दिया गया है, लेकिन ठेकेदार ने शुरू से ही कार्य में गफलत करना शुरू कर दिया है।

प्रदेश सहित केन्द्र सरकार विकास के दावे कर रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ इतनी मजबूत है कि निर्माण कार्य की नींव आधार स्तंभ को ही प्रारंभ से कर्णधार और ठेकेदार मिलकर भ्रष्टाचार को अंजाम देकर आर्थिक अनियमितता करते हुये घटिया निर्माण कार्य करते है जिससे भवन की उम्र कम होने के बाद साथ कमजोर रूप से निर्माण किया जाता है। वर्तमान में



ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से खुसरवार में बाऊण्ड्री वॉल के लिए जो गड्ढे खोदे गये हैं, वह नाम-मात्र के हैं, इसके अलावा ठेकेदार पारदर्शिता को समाप्त कर सरकार की सुशासन की पोल खोल रहा है, जयसिंहनगर में छात्रावास कितनी लागत का बन रहा है, कब तक निर्माण कार्य को पूरा किया जाना है या निर्माण कार्य से संबंधित एजेंसी कौन है। इस तरह की अनेक जानकारी जो कि केंद्र सरकार व मोहन सरकार के द्वारा हमेशा शासकीय धनराशि में पारदर्शिता को लेकर सुशासन की बात की जाती है, उन बातों को मटियामेट करने का काम जिले के कर्णधार और ठेकेदार की मिलीभगत से किया जा रहा है।

## एक खसरे पर किये एक दर्जन बटांक, कटघरे में रजिस्ट्रार कार्यालय

# नगर पालिका क्षेत्र में चल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार

शहडोल।



जिले में अवैध प्लाटिंग का कारोबार बेखौफ हो रहा है, शासन-प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर यहां खेत खलिहान की आवासीय प्लाट के रूप में खरीदी बिक्री हो रही है। स्थिति यह है कि शहर के आस-पास इलाकों में रोज कहीं ना कहीं कालोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। जिला मुख्यालय सहित आस-पास के इलाकों में इन दिनों अवैध प्लाटिंग का कारोबार जोर-शोर से हो रहा है। नगर पालिका शहडोल सहित अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों व आस पास के गांवों में बड़े स्तर पर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। बिल्डर रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) को दरकिनार कर लोग प्लाट बेच रहे हैं। इसके चलते प्लाट खरीदने वाले लोग भविष्य में परेशानी में फंस सकते हैं। रजिस्ट्री कार्यालय एवं राजस्व विभाग में बैठे जिम्मेदारों से सांठ-गांठ कर माफिया करोड़ों रुपये की काली कमाई कर रहे हैं।

### कार्यवाही की चर्चा सरगर्म

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 23/30 मतनी टोला में भू माफिया खेल खेलते रहे और अफसरों को भनक तक नहीं लगी। अवैध प्लाटिंग को लेकर जिला प्रशासन सहित राजस्व विभाग इन दिनों कटघरे में नजर आ रहा हैं, खसरा क्रमांक 14 के एक दर्जन बटांक होने के बावजूद जिम्मेदारों को खबर नहीं लगी, यह समझ से परे हैं, बीते वर्षो के दौरान इस खेल में शामिल माफिया ने जमकर गड़बड़ी की। राजस्व अमले को इसकी जानकारी कैसे नहीं लग पाई। यह भी अटकलें लगाई जा रही है कि राजस्व अमले के साथ मिलीभगत का खेल माफिया खेलते रहे। इनको अपना काम करने की पूरी आजादी दे दी गई थी। अवैध प्लाटिंग के दौर में जिन अफसरों की पदस्थापना थी या है और जिनके इशारे पर फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया गया है, उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर अब चर्चा शुरू हो गई है।

### कर दिये एक दर्जन बटांक

संभागीय मुख्यालय में गांव मतनी के खसरा नंबर 14 में अवैध प्लाटिंग के खेल में शामिल माफिया ने जमकर लूट मचाई है। एक हजार से लेकर बारह सौ रूपये तक में सौदा होने की चर्चा है, रजिस्ट्रार कार्यालय में बैठे जिम्मेदारों ने खसरा नंबर 14 में मणिबाई, बाबूलाल, रमेशचन्द्र, बाबूलाल, मंजू कुमारी, राजेश चौरसिया, विपतदास, देव कल्याण, रमेश चन्द्र पिता रणछोर राठोर, प्रदीप कुमार साहू, रूमा दास, गीता झा के नाम पर बटांक कर दिये, इससे सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है कि रजिस्ट्रार कार्यालय के जिम्मेदार और भू-माफियाओं में कितनी तगड़ी सांठ-गांठ है, सवाल यह भी उठ रहा है कि अवैध प्लांटिंग, प्लाटों की मार्किंग और कच्ची सडक़ रातों-रात तो नहीं बन गई होगी। महीनों के मशक्कत के बाद यह सब कुछ हुआ होगा। अफसरों को यह सब दिखाई क्यों नहीं दिया। जिम्मेदारों के कामकाज को लेकर अब सवाल उठाए जा रहे हैं। संभागीय मुख्यालय में जब ऐसा खेल चल रहा है, तो आस-पास के इलाकों के हालात क्या होंगे, यह अब किसी से छुपा नहीं है।

### भू-माफिया ने कूटी चांदी

जिले में बीते पांच वर्ष के दौरान भू माफिया की बल्ले-बल्ले होती रही, जमीन के धंधे में भू-माफिया एवं राजस्व अमले की सीधी संलिप्तता समय-समय पर उजागर हुई है, बीते माहों में पटवारी की ग्रामीणों ने कुटाई तक कर दी थी, शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर जमीन की गड़बड़ी की गई है, खसरा नंबर 14 के इस खेल में यादव बंधु जमकर चांदी कूट रहे हैं, 1 हजार से अधिक कीमत पर प्लाट बेचे जा रहे हैं, इस पूरे खेल में नगर पालिका प्रशासन की अपनी अलग ही भूमिका है, स्थानीय पार्षदों के अलावा कर्मचारियों ने कभी भी वार्डो में हो रही अवैध प्लाटिंग को लेकर आवाज नहीं उठाई, वार्डवासियों का कहना है कि सबका अपना सिस्टम तय है, स्थानीय लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि क्षेत्र में हो रही अवैध प्लाटिंग पर रोके साथ ही पूर्व में हुई अवैध प्लाटिंग पर निर्माण के लिए रोक लगाई जाये, साथ भू-स्वामी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

# पशु तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

## 23 नग मवेशी सहित ट्रक जप्त



शहडोल।

बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 15 अप्रैल को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में भैंस/पडवा लोड कर अनूपपुर तरफ से शहडोल तरफ जा रहे हैं। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जाकर कुछ समय इंतजार करने पर एक ट्रक क्रमांक एम.पी. 19 एच.ए. 3571 आते दिखा जिसे रूकवाने का प्रयास किया तो ट्रक चालक तेज रफ्तार से चलाते हुए भागने का प्रयास करने लगा जिसे स्टाफ की मदद से रूकवाकर वाहन की तलाशी लेने पर ट्रक में 22 नग भैंस एवं 01 नग पडवा कुल 23 नग मवेशी पाये गये। चालक ने अपना नाम मो. सकील पिता मो. सलीम उम्र 32 वर्ष निवासी उचेहरा जिला सतना का होना बताया। जिससे वाहन एवं मवेशियों के वारे में दस्ताबेज मांगने पर कोई वैध दस्तावेज न होना बताया, वाहन मालिक आफरीन खांन निवासी सतना एवं अन्य आरोपी सकील, फिरोज, नूरूद्दीन, अनिल केवट, लल्लू कबाडी, जवाहर जोगी, बल्लू बाबा, कल्लू बाबा के विरूद्ध भादवि, पशुकूररता अधिनियम, म.प्र. कृषक परिरक्षण अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक गिरीश शुक्ला, गुलाम हुसैन, प्रधान आरक्षक जवाहर सिंह, आरक्षक मयंक मिश्रा, कृष्णनारायण मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नियम विरूद्ध वाहन चलाने पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 15 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 122 चालानों में 45,000 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### कोयला से भरार ट्रैक्टर पकड़ाया

**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु खनिज अमले के द्वारा ग्राम नवलपुर तहसील सोहागपुर से एक ट्रेक्टर- ट्रॉली, बिना नंबर को खनिज कोयला के अवैध परिवहन में जप्त किया गया, जिसे थाना सोहगपुर में अभिरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उक्त वाहन में खनिज नियमों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली मतदान की अंतिम तैयारियों की बैठक

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर तथा पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा 16 अप्रैल को मतदान के 72 एवं 48 घंटे पूर्व की तैयारियों को लेकर समस्त थाना प्रभारियों की बैठक ली।

बैठक में चुनावी प्रचार बंद होने के बाद की कार्यवाहियां, बॉर्डर की सीलिंग एवं वाहनों की सघनतापूर्वक चेकिंग करने के निर्देश दिये गए। सीमावर्ती क्षेत्रों के कच्चे रास्तों एवं गांवों पर अधिकारियों को भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को पोलिंग बूथों का भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मतदाताओं के परिवहन, केन्द्र से 100 मीटर दूर की परिधि के नियमों, ओपीनियन पोल पर प्रतिबंध, फेंक



न्यूज पर कार्यवाही के संबंध में जानकारी थाना प्रभारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों को बलवा ड्रिल सामग्री, टीयर गैस आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु थाना प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक को निर्देशित किया गया।



## खबर संक्षेप

### प्राकट्य पर्व का आयोजन आज

**उमरिया।** श्रीरामनवमी के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एकाग्र प्राकट्य पर्व का आयोजन 17 अप्रैल को मंगल भवन परिसर मे सायं 07 बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर भक्ति गायन की प्रस्तुति डी. एल. दाहिया एवं उनके साथी द्वारा दी जाएगी। इसी तरह श्री हनुमान लीला नाट्य के मंचन की प्रस्तुति होगी, जिसका निर्देशन अंकित मिश्रा रीवा द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने स्वच्छता निरीक्षक नगर पालिका नारायण दुबे को जिला प्रशासन की ओर से गतिविधि के समन्वय एवं संवाद के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है एवं कहा है कि आदर्श आचरण संहिता का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करते हुए संस्कृति संचालनालय से संपर्क करते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करें।

### संभाग स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 24 को

**उमरिया।** आयुक्त की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक 24 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे से आयुक्त सभागार मे आयोजित की गई है । बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### मतदान दलों को सामग्री का वितरण 18 को

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली के निर्देशानुसार लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु विधानसभा क्षेत्र-89 बांधगवढ एवं 90 मानपुर के मतदान दलो को सामग्री का वितरण 18 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से शासकीय पालीटेक्निक कालेज से किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने विधानसभा 89 एवं 90 मानपुर के सामग्री वितरण कार्य हेतु विधानसभावार कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि 18 अप्रैल को प्रातः 6 बजे सामग्री वितरण स्थल मे उपस्थित होकर सहायक रिटर्निंग आफिसर विधानसभा क्षेत्र 89 एवं 90 मानपुर के निर्देशन में कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। समस्त कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को छोड़कर, का प्रशिक्षण 17 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से विधानसभा क्षेत्र 89 का दोपहर 3 बजे से विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर का कलेक्टर सभागार में आयोजित किया गया है।

### शासकीय एवं अशासकीय भवन अधिग्रहित

**शहडोल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश जारी कर मतदान दल सदस्य जो 17 अप्रैल से आना प्रारंभ कर देंगे, उनके ठहरने की व्यवस्था हेतु शासकीय एवं अशासकीय भवनों को अधिग्रहीत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत माता विद्यालय शहडोल, केशरवानी भवन, सेन्ट्रल एकेडमी, शा.उ.मा. वि. कन्या सोहागपुर, टाईम्स पब्लिक स्कूल, के.जी.बी. छात्रावास सर्व शिक्षा अभियान, छात्रावास सोहागपुर, केजीबी. छात्रावास रमसा, रघुराज उ.मावि. क्रमांक-1, रघुराज उ.मा.वि. क्रमांक-2 बीआरसी कार्यालय भवन सोहागपुर को अधिग्रहित किया गया है।

#### पुलिस की नाक के नीचे चल रहा कबाड़ का कारोबार

# एक धंधा ऐसा, जिसने बढ़ाये चोरों के हौसले

विद्युत नगरी में कबाड़ की आड़ में काला कारोबार बेखौफ चल रहा है। कुछ बड़े कबाड़ कारोबारी चोरी के माल की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। पिछले कुछ समय तक कबाड़ी छोटी गाडियों को ही काटकर जबलपुर में ठिकाने लगाते थे, वर्तमान में ताप विद्युत गृह, कालरी सहित स्थानीय लोगों के घर से सामान पार करवाया जा रहा है, इस अवैध कारोबार का पूरा चि_ा कहीं और नहीं नगर में लगे सीसीटीवी बयां कर रहे हैं।

### मूक दर्शक बनकर देख रही वर्दी, जबलपुर पहुंच रहा कबाड़

**उमरिया।** जिले में कुछ कबाड़ी दिन में तो सामान्य कबाड़ सामानों का धंधा करते नजर आते हैं, लेकिन यह महज दिखावा होता है। रात के समय इनके द्वारा चोरी की मोटर साइकिलों व भारी वाहनों की कटिंग की जाती है। इनके द्वारा चोरी की वाहनों के अलावा रेलवे का लोहा, कालरी का चोरी का लोहा, एल्यूमीनियम व कॉपर के तार समेत चोरी के अन्य सामानों की खरीदी-बिक्री की जा रही है, इसके अलावा ताप विद्युत गृह से निकलने वाले कीमती लोहे सहित अन्य धातुओं को भी पार किया जा रहा है। बीते माहों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने बिरसिंहपुर पाली में कबाड़ ठीहो पर दबिश दी थी, खबर है कि यहां से ताप विद्युत गृह सहित कालरी का लोहा भी मिला था, जिसके बाद कुछ दिनों तक कबाड़ के ठीहो पर ताला लग गया था, लेकिन वर्तमान में ऐसी कौन सी जादू की छड़ी कबाड़ी को मिली की बेखौफ दुगनी तेजी से अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है।

#### कटघरे में वर्दी की साख

विद्युत नगरी में एक धंधा ऐसा है, जो चोरों का हौसला बढ़ाए हुए है। चोर रातों-रात चोरी का माल पहुंचाते हैं और रात में ही पेमेंट भी हो जाता है। मजे की बात तो यह है कि कारोबार में बेहिसाब कमाई के बाद भी सरकारी तंत्र कोई दखल नहीं देता। बिरसिंहपुर पाली में थाना के पीछे शलीम के कबाड़ का ठीहा दोबारा गुलजार हो चुका है, शकील





नामक कबाड़ी द्वारा कालरी से लोहे के पाइप एंगल और लोहे की प्लेट को काटवा कर आधी रात होने पर गाड़ी के माध्यम से उक्त कबाड़ को वहां से निकावा कर जबलपुर में खपा रहा है। इसके अलवा संजय ताप विद्युत गृह से निकलने वाला कबाड़ भी भाईजान के ठीहे पर गल रहा है, सूत्रों की माने तो, ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी थाना में बैठे जिम्मेदारों को नहीं है, लेकिन नजराने के सामने वर्दी ने अपनी साख को ही दांव पर लगा दिया है।

#### दलाल भी हैं सक्रिय

साइकिल चोरी होने पर अमूमन लोग थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते, क्योकि पुलिस इसे छोटा मामला बताकर ध्यान नहीं देती और यदि रिपोर्ट लिख भी ली जाए तो भी अक्सर ये वापस नहीं मिलते। लोगों ने इसके पीछे कबाड़ से जुड़े अवैध व्यापार पर संदेह जताया है, चोरी की साइकिल और बाईक के कलपुर्जे को अलग-अलग कर कबाड़ में बेचा जा सकता है। इसके अलावा इस धंधे में लोहे के सामान व घरेलू उपयोग के सामान सहित कई कीमती सामान पानी के मोल कबाड़ी अपने दलालों के माध्यम से खरीद कर लाखों कमाते हैं। वर्तमान में पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फिरोज-शकील मिलकर जमकर चांदी कूट रहे है, हर तीसरे दिन ओव्हर लोड कबाड़ से लदा वाहन सड़को पर देखा जा सकता है, जो जबलपुर में बैठे अपने आका तक पहुंचा दिया जाता है।

#### दर्ज नहीं कराते एफआईआर

एसईसीएल सहित ताप विद्युत गृह में आये दिन कबाड़ सहित अन्य कलपुर्जो की चोरी होती है, बीते माहों में ताप विद्युत गृह के कर्मचारी की मिली भगत की खबर भी सुर्खियों में थी, इसमें




सबसे बड़ा पहलू यह है कि स्थानीय अधिकारी सांठ-गांठ के अलावा एफआईआर दर्ज कराने से इसलिए बचते हैं, क्योंकि जब तक वह यहां है तो, ठीक है, लेकिन तबादला होने के बाद उन्हें पेशी के लिए यहां के चक्कर लगाने पड़ेगें, वर्तमान में कबाड़ माफिया फिरोज ने तो कालरी, ताप विद्युत गृह के अलावा स्थानीय लोगों के यहां रखे लोहे के सामान, गाड़ी के अलावा गेट को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है, बीते वर्षो सहित वर्तमान में थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई वाहन चोरियों का कितना खुलासा हुआ, यह विभाग के आंकड़े अपने आप में बया कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित कबाड़ ठीहों पर टीम गठित कर औचक निरीक्षण करवाया जाये, जिससे इस अवैध कारोबार पर नकेल कसी जा सके।

## माता रानी को अठवाइन चढ़ाने लगी भक्तों की कतार



### अष्टमी पर शक्ति स्थलों पर लगा मेला, गूंजे अम्बे मां के जयकारे

**शहडोल।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को प्रमुख शक्ति स्थलों व देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और मां अम्बे के दर्शन कर उन्हे चुनरी, अठवाइन प्रसाद अर्पित किया गया। नगर के बजार क्षेत्र स्थित मां दुर्गा विराटेश्वरी धाम, पुलिस लाइन स्थित शारदा माता मंदिर, पाली रोड स्थित बूढ़ी माई मंदिर, रेलवे कालोनी काली माई मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी देखी गई। इसके अलावा हजारों की संख्या में लोगों ने अंतरा धाम पहुंच कर मां कंकाली के दर्शन कर उन्हे प्रसाद अर्पित किए। ज्ञातव्य है कि मंगलवार को माता के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना कर उनका अभिषेक और फिर महाआरती का आयोजन किया गया। काफी संख्या में भक्तों ने विरसिंहपुर पाली में माता विरासनी और उचेहरा में मां ज्वालामुखी तथा भठिया में माता सिंहवाहनी के दर्शन किए।

#### विराटेश्वरी धाम में लगा मेला

दुर्गा माता विराटेश्वरी धाम में सुबह पांच बजे से माता को जल ढारने महिलाओं की भीड़ पहुंचने लगी थी। यहां कतार लगाने की विशेष व्यवस्था की गई थी। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी यहां मौजूद रहे। माता के भव्य मंदिर में सुबह से ही माता के जयकारे लगने लगे थे। प्रमुख मंदिर में प्रसाद चढ़ाने हेतु स्त्री व पुरूषों की पृथक पृथक कतार की व्यवस्था की गई थी। जहां कतार में खड़े भक्तों ने माता को अठवाइन प्रसाद अर्पित कर उनका आशीर्वाद मांगा। मंदिर प्रांगण और उसके बाहर दूकाने सजाई गईं थीं। यहां कथा, कीर्तन व भण्डारे की व्यवस्था की गई थी। बच्चों के मुण्डन व कर्णछेदन संस्कार किए गए। साथ ही नन्ही बालिकाओं को कन्या भोज कराया गया और उन्हे दक्षिणा उपहार प्रदान किए गए।

#### कंकाली माता मंदिर में ध्वजा पहुंचे

अंतरा धाम स्थित कंकाली मांता मंदिर में ध्वजा लेकर आने वाले भक्तों की कमी नहीं रहती है। दयालु मां भक्तों का कष्ट निवारण करती है इसके बाद प्रसन्न होकर भक्त उनके मंदिर में ध्वजा लेकर आते हैं। अष्टमी पर यहां भक्तों की भारी भीड़ रही, माता का श्रंगार महागौरी स्वरूप में किया गया था। जिससे उनकी आभा और भी भव्य बन गई थी। माता के मुखमण्डल का तेज अष्टमी पर अधिक बढ़ गया। भक्तों ने हृदय से जिसका दर्शन पाया। यहां दिन भर भण्डारा चला जिसमें कई हजार लोगों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। यहां समय समय पर अधिकारियों द्वारा व्यवस्था की निगरानी की गई।

#### बूढ़ी माई मंदिर में भगत का आयोजन

बूढ़ी माई मंदिर में भी अष्टमी पर विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। यहां पर हवन पूजन तो किया ही गया, बच्चों के संस्कारों की भी व्यवस्था की गई। भक्तों ने माता रानी को प्रसाद अर्पित कर उनके जयकारे लगाए। माता की महिमा और महात्म्य से भरे भगत तथा भजनों का यहां कीर्तन मंडलियों द्वारा गायन किया गया। दिन भर यहां भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिर प्रांगण में भक्तों के बैठने व पेयजल आदि की पूर्ण व्यवस्था है। यह धाम माता का जाग्रत धाम माना जाता है इसलिए यहां बारहों महीने भक्तों की आवाजाही चलती रहती है।

#### मढिया में कन्या भोज का आयोजन

खोल्हाड़ ग्राम स्थित पहड़िया में विराजी माता गौरी की सुबह पूजा अर्चना कर उनका श्रंगार किया गया। इसके बाद उनकी महाआरती गायन किया गया। भक्तों ने उन्हे प्रसाद अर्पित किया। साथ ही माता की मढ़िया में ज्योत जलाई गई। यहां माता के भगत गाए गए और कन्या भोज का आयोजन किया गया। यह मंदिर भी कंकाली मांता मंदिर की भांति चौंसठ योगनी मंदिर में से एक माना जाता है। यहां नवरात्रि के अलावा अन्य दिनों में भी भक्तों का तांता लगता है।

## युवा टीम ने बुजुर्ग मतदाताओं का किया सम्मान, मतदान का दिलाया संकल्प

**उमरिया।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम के द्वारा चुनाव में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनूठी पहल की गई है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी के नेतृत्व में पंचायतों में सबसे वृद्ध मतदाताओं को चिन्हित कर उनका सम्मान किया जा रहा है। इनके माध्यम से ग्रामवासियों को लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढकर सहभागिता करने का संदेश देकर संकल्प लिया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में बुजुर्ग मतदाता उत्साहित दिखाई दिए। उम्र के अंतिम पड़ाव पर भी मतदान को लेकर इन बुजुर्गों के मन में जोश था। बुजुर्ग वीरन सिंह ने बताया कि हमारे समय में होने वाले मतदान और अब होने वाले मतदान में रात-दिन का अंतर आ गया है। पहले मतदान के लिए दूर-दूर तक साधनों का अभाव था। कई बार तो मतदान के लिए जा ही नहीं पाते थे, लेकिन अब इसके विपरीत परिस्थिति है,



साधन उपलब्ध हैं। ऐसे में मतदान करने में आसानी होती है। बुजुर्गों ने कहा कि मतदान से ही देश का लोकतंत्र मजबूत होता है। एक बुजुर्ग महिला का कहना था कि अच्छे आदमी का चुनाव ही अच्छे काम करवा सकता है, इसलिए 19 अप्रैल को बढ़-चढ़कर मतदान करें। बुजुर्ग मतदाता सम्मान कार्यक्रम में खुशी सेन, अंकित सिंह, राहुल सिंह व सभी उपस्थित रहे।

## डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क कर की मतदान की अपील




**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन 12 अजजा शहडोल के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नौरोजाबाद ज्योति सिंह ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत डोर टू डोर मतदाताओ से संपर्क कर 19 अप्रैल मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान की अपील मतदाताओु से की जा रही है। इसके साथ ही धार्मिक स्थलो पर भी मतदाताओ से संपर्क कर उन्हें मतदान करने की समझाईश दी गई कि समस्त मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें। साथ ही पास-पडोस, रिश्तेदार, ईष्ट मित्रों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के संविधान द्वारा दिये गये, मतदान के अधिकार का सभी मतदाता उपयोग अवश्य करें। ऐसा करके जहां हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेंगे वहीं भारतीय प्रजातंत्र को मजबूत बनाने में अपनी आस्था भी व्यक्त कर सकेंगें।

## जिला चिकित्सालय से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान मे अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें , इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला चिकित्सालय उमरिया से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से तंबाखू खाना छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो थीम पर मतदाताओ को जागरूक किया गया । मतदाता जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय उमरिया से प्रारंभ हुई जो विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। रैली में सिविल सर्जन डॉ. के. सी सोनी, आरएमओ डॉ. संदीप सिंह, जिला एपिडिमियोलाजिस्ट अनिल सिंह, नर्सिंग आफिसर एवं पैरमेडिकल स्टाफ, मैट्रन, समस्त वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।

## एक टीपी लेकर रेत चोरी का क्रम जारी




**कोतमा।** क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है इन दिनो छत्तीसगढ़ से एक टीपी लेकर पूरे दिन आसपास के नदी नालों से रेत चोरी कर परिवहन की जाती है। सोमवार को मुखर्जी चौक में पुलिस के मुखबिरो द्वारा रेत से भरे ट्रैक्टर को रोकने के बाद कार्यवाही कराए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 18 ए 6891 जिसमें 3 घन मीटर रेट लोड थी वह बाजार तरफ लाई जा रही थी जिस पर वाहन को रोक कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने वाहन को जप्त कर थाने लाया और जांच पड़ताल के दौरान समय से ओवर टीपी पाए जाने पर वाहन मालिक शशि सिंह पति गुड्डू सिंह निवासी लहसूई गांव एवं वाहन चालक सूरज केवट 27 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 लहसुई के खिलाफ आईपीसी की धारा 379, 414 एवं खान एवं खनिज अधिनियम की धारा 4/21 साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 130(3)177 में अपराध दर्ज कर कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि उक्त वाहन कोतमा के हिस्ट्री सीटर कतन्नी खनन माफिया द्वारा चलवाया जा रहा था लेकिन वाहन मालिक एवं चालक दूसरे के नाम से चलाए जाने के कारण बड़े माफिया बच निकलते है।

### मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

## अष्टमी पर घरों और मंदिरों में पूजा



**अनूपपुर/कोतमा।** नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के महागौरी स्वरूप के दर्शन की पूजा अर्चना मंदिरों और घरों में की गयी। जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, जैतहरी, वेंकटनगर, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, चचाई, अमलाई गोविंदा, लहसुई, परासी, बुढानपुर के दुर्गा मंदिरों में पूणार्हूति की गयी। जिसके बाद माता की महाआरती का आयोजन हुआ। नवरात्र के अवसर पर मंगलवार को महाअष्टमी पर मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। विधि विधान से मां की पूजा-अर्चना की गयी। श्रद्धालु हाथ में सजी पूजा की थाल जिसमें नारियल, चुनरी, धूप, दीप, नवैद्य आदि लेकर अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। मान्यता है कि अष्टमी को मां की महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। मां महागौरी की अष्टमी शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन इनकी उपासना व पूजन करने की परंपरा रही है। माता का आठवां रूप अति सुन्दर है। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र ब्रह्माण्ड की तरह गोल हैं, जिनसे विद्युत की ज्योति चमकती रहती है। मां महागौरी के दिव्य स्वरूप का ध्यान हमें लोभ, स्वार्थपरतता जैसी आसुरी शक्तियों से निजात दिलाकर आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की राह दिखाता है। भक्तों ने पंडितों के सानिध्य में महागौरी का पूजन पाठ कर विधिपूर्वक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। आरती के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिये भक्तों की दिनभर भीड़ रही। नवरात्रि के आठवें दिन सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे थे। महिलाएं सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर माता को जल चढ़ाने के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की। मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का माता के दर्शन करने के लिए तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर माता को आठवांइन का प्रसाद भी चढ़ाया। श्रद्धालु अपनी मन्नतें पूरी होने के बाद मंदिरों में पहुंचकर मुंडन कन्छेदन एवं कथा सुनते दिखे। लोगों ने अष्टमी के दिन नये वाहनों की भी खरीदी करते हुए मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की।

#### कन्या भोज का हुआ आयोजन

नवरात्रि के आठवें दिन नगर के पंचायती मंदिर शारदा काली माता मंदिर ठाकुर बाबा धाम स्थित कामेश्वरी मंदिर बूढी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर गोहांड्रा स्थित काली मंदिर बुढानपुर गांव में स्थित अन्नपूर्णा माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन सुबह से लेकर दोपहर तक चलता रहा। लोगों ने अपने-अपने घरों में भी कन्या भोज का आयोजन कन्याओं के पर पूजन के पश्चात कराया और उन्हें उपहार भी दिए। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने भी अपने निवास पर कन्याओं के पैर पूजन करते हुए उनकी आरती उतारी उन्हें चुनरी पहनाया और कन्या भोज कराया।

#### रोशनी से जगमग मंदिर

नवरात्रि के आठवें दिन नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को रोशनी से जगमग किया गया था मंदिरों का नजारा ही देखते बन रहा था। नगर के ठाकुर बाबा धाम गोहांड्रा स्थित काली मंदिर धर्मशाला मंदिर में भक्तों के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया था श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद लिया ।



#### धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी का त्योहार नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा । मंदिरों से जवारा जुलूस निकाला जाएगा जो नगर में भ्रमण करता हुआ नदी एवं सरोवर में जवे का विसर्जन किया जाएगा । जावरा जुलूस नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर पंचायती मंदिर शारदा काली मंदिर दफाई टोला मढिया विकास नगर कॉलेज टेक मडिया बूढी माता मंदिर पुरानी बस्ती स्थित दुर्गा मैया से निकल जाएगा जो नगर के प्रमुख मार्ग में काली के खप्पर नृत्य के साथ घूमेगी। ठाकुर बाबा धाम मंदिर से भगवान राम की झांकी भी निकल जाएगी जो नगर भ्रमण के पश्चात ठाकुर बाबा धाम मंदिर में समापन किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 7 मे बूढी दाई मंदिर मे मां शारदा की मूर्ति स्थापित है जहां भक्तों की अपार भीड़ रहती है जहां षष्ठमी के दिन कन्या भोज कराया गया।

खबर संक्षेप



## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों मिला सम्मान

**बुढ़ार**। जिले में वन अपराधों की धरपकड़ कर शासन को राजस्व दिलाने वाले अधिकारियों को मंगलवार को दक्षिण वन मंडला अधिकारी सुश्री श्रद्धा पन्दे ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित। शहडोल दक्षिण वन मंडल के क्षेत्रांतर्गत वन अपराधों को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले टास्क फोर्स प्रभारी कमला प्रसाद वर्मा प्रभारी के रुप में अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए अवैध वनों की कटाई,वन भूमि से अवैध रेत उत्खनन कर रहे परिवहन करने वाले पर गाज बनकर गिरें साथ ही उनके द्वारा वनोपज (लकड़ी एवं रेत) के अवैध परिवहन जैसे गंभीर वन अपराधों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय कार्य किया है, इनके द्वारा वन अपराधों की रोकथाम एवं अवैध, वनोपज से शासन को अच्छी राजस्व की प्राप्ति हुई है। शासकीय कार्यों का दिये गये दायित्वों का निर्वहन में जो लगन एवं निष्ठा दिखाई है उसके प्रति शहडोल डिवीजन आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए यह आशा करता है कि आगे भी इसी तरह अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।इसी तरह सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी जेपी मोर्या को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया है।

## अपर कलेक्टर ने विभिन्न खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**रीवा**। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने उपार्जन के लिए बनाये गये विभिन्न खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गुढ़ में समिति गोदाम एवं भैरवबाबा स्थित खामडीह वेयरहाउस तथा महसांव खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर किसानों की सुविधा के लिए छाया, पानी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने गेंहू की तौलाई सहित वाहनों के खड़े होने के स्थान एवं उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो तथा उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण और समय पर किसानों को भुगतान सुनिश्चित कराया जाय।

## प्रचार रथ से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

**रीवा**। लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार रथ मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत झूरा तथा गौरी में प्रचार रथ के माध्यम से ग्रामीणजनों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गत 21 मार्च से प्रचार रथ भ्रमण कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम द्वारा निर्धारित रूटचार्ट के अनुसार प्रचार रथ 20 अप्रैल तक भ्रमण करेंगे। इनके द्वारा मतदान केन्द्रों तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में ऑडियो विजुअल माध्यम से आमजनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## पापा के सपनों को किया पूरा

**रीवा**। आज यूपीएससी का परिणाम आने के बाद हेडगेवार निवासी मीना बंसल पत्नी स्वःअरुण बंसल की बेटी सुश्री वेदिका बंसल ने पूरे भारत में 96वीं रैंक लाकर अपने माता-पिता के सपनों को पूरा किया साथ ही गुरुजनों एवं मार्गदर्शकों के विश्वास में खरी साबित हुई।बचपन से उच्च सेवा के प्रति आकर्षण की भावना से मोहित होकर अपनी पढ़ाई पूरे लगन से जारी रखी और प्रथम प्रयास में ही 96 वीं रैंक लाकर अग्रवाल समाज रीवा का नाम पूरे मध्यप्रदेश में रौशन किया उनकी इस उपलब्धि से अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड.सुनील अग्रवाल,एड. नूतन अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष सौरव अग्रवाल सनी,एड.मनोज अग्रवाल,योगेश अग्रवाल,डॉ.हरिओम हर्ष व्यक्त किया।

# समाधान नहीं तो वोट नहीं

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी के द्वारा लगभग 60 वर्ष से जो सड़क निरंतर रूप से चालू थी उसे बंद कर दिया गया है जिससे वहां के रहवासी में जमकर रोष है ।

धनपुरी।



उनका कहना है कि यह रोड पहले से ही है और इसमें नगर पालिका के भी द्वारा भी सड़क निर्माण कराया गया था मगर फिर भी अस्पताल की तरफ से जबरदस्ती बाउंड्री वॉल कर दिया गया स्थानीय विरोध को दबाने के लिए उनके ऊपर तरह-तरह के इल्जाम है लगाया जा रहा है वार्ड वासियों का कहना है कि जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होगा तो आने वाले 19 तारीख को लोकसभा के चुनाव का सामूहिक रूप से बहिष्कार करेंगे क्योंकि प्रशासन भी हमें अभी तक अनदेखा करती आ रही है।

# नगर पालिका बना रही नाला खतरों वाला

**धनपुरी**। नगर पालिका परिषद धनपुरी वार्ड नंबर वार्ड नंबर 7 मदरसा के पीछे जो पूरे वार्ड का गंदा पानी एकत्रित था उसे खोलकर नाला बनाने के लिए वार्ड नंबर 7 के नाला में जॉइंट कर दिया गया है। वार्ड नंबर 7 वार्ड वासियों ने आरोपित किया है कि वर्षों से एकत्र तालाब नुमा गड्ढे में गंदा पानी को खोलकर नाला बनाने के लिए वार्ड के ही नाल में जॉइंट कर दिया गया है जिससे पशु मवेशी एवं छोटे छोटे बच्चों के लिए जान का खतरा बन चुका है। बताया जाता है कि गंदे पानी में गाय गिर के फस गई थी समय रहते लोगों के द्वारा गाय को बाहर निकाल लिया गया और बचा लिया गया। वार्ड वासियों को कहना है कि जहां पानी भरा हुआ है वहां से चंद कदम की दूरी गोफ नुमा गड्ढा है जिससे पानी गोप में जान से बड़ा हादसा होने का खतरा भविष्य में बन सकता है। सुरक्षा की दृष्टि से नगर पालिका नाला का निर्माण करें जिससे पानी की निकासी हो सके।

## उपार्जन केन्द्रों के लिए प्रभारी अधिकारी (नोडल) नियुक्त

**रीवा**। जिले के सभी खरीदी केन्द्रों के लिए प्रभारी अधिकारी (नोडल) नियुक्त किये गये हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने किसानों की सुविधा एवं उपार्जन केन्द्रों की सतत मानीटरिंग के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये हैं। प्रभारी अधिकारी उपार्जित गेंहू के रखरखाव व उसके व्यवस्थित भण्डारण की भी मानीटरिंग भी करेंगे। सभी प्रभारी अधिकारी अपनी रिपोर्ट अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित करेंगे।

## रीवा के नवयुवक का यूपीएससी सिविल सर्विसेस में हुआ चयन

**रीवा** । संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सीएसई 2023 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें रीवा के अंकेश वर्मा का भी चयन सिविल सर्विसेस के लिए हुआ है। अंकेश की एआईआर 813 है। यूपीएससी ने मंगलवार, 16 अप्रैल 2024 को सिविल सर्विसेस एक्जाम (CSE) 2023 के परिणाम जारी किए हैं। परिणाम आने के बाद रीवा में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। रीवा के तहसील रायपुर कर्चुलियान स्थित पुरवा पडरिया गांव के निवासी अंकेश वर्मा की सीएसई में 813 रैंक आई है। अंकेश ने 2019 में एमपीपीएससी क्वालिफ़ाई किया था। वे वर्तमान में उद्योग विभाग दमोह में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर पदस्थ हैं एमपीपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद से ही अंकेश यूपीएससी की तैयारी में जुट गए थे। मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले अंकेश ने पहले अटैम्प्ट में यूपीएससी की परीक्षा पास की है। अंकेश अपने घर में सबसे छोटे हैं। उनके एक भाई और एक बहन हैं। माता सरकारी शिक्षक हैं। अंकेश ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों को दिया है।

# 22 नग भैंस एवं पड़वा ले जाते ट्रक समेत गिरफ्तार

बुढार।

पशु तस्करी के उद्देश्य से ट्रक में लोड कर ले जाये जा रहे 22 नग भैंस तथा पड़वा को पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुये पशु तस्करी में संलिप्त ट्रक चालक को जैतपुर नेशनल हाईवे मार्ग में दबिस देकर धर दबोचा और उसके कब्जे से अनुमानित 3 लाख कीमत की भैंस एवं पड़वा के जप्ती कर आरोपियों पर अपराध क्र. 268/2024 का मामला कायम किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन पर तथा थाना प्रभारी संजय जयसवाल की तत्परता से पशु तस्करी की मुखबिर से मिली सूचना पर नेशनल हाईवे जैतपुर चौक मार्ग पर पुलिस की चौक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित कर अनूपपुर की ओर से ट्रक में लोडकर सतना को ले जाये जा रहे भैंस तथा पड़वा से लोडेड ट्रक को रोककर ट्रक में सवार दो व्यक्तियों को पुलिस ने सोमवार को पड़कर अपने अभिरक्षा में ले लिया है और ट्रक चालक सहित पशु तस्करी में संलग्न अन्य आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम की धारा कायम की गई।

इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्र. एम.पी. 19 एच ए 3571 में 22 नग भैंस तथा पड़वा को ग्राम केशवाही के शकील, फिरोज, नूरुद्दीन, अनिल केवट, लल्लू कबाड़ी तथा जवाहर जोगी जिसे दर्शिला का बताया गया है के द्वारा पशु तस्करी के उद्देश्य से भैंस एवं पड़वा को लोड करवाये जाकर ले जाया जा रहा था और रास्ते में बल्लू बाबा एवं कल्लू बाबा उर्फ शकील द्वारा ट्रक की निगरानी कराये जाकर आगे की और ट्रक को रवाना कराया जाना था और यह ट्रक सतना जाना था सतना से पशुओं से लोडेड ट्रक कहां जाना था यह ट्रक चालक मो.



शकील पिता मो. सलीम ग्राम भठनवारा उचेहरा (सतना) तथा मो. इब्राहीम पिता मो. सलीम केशवाही जिसे पुलिस ने धर दबोचा के द्वारा बताया गया है।

### ट्रक मालिक का नाम अफरीन खान सतना का बताया गया है।

ट्रक चालक मोहम्मद शकील तथा मो. इब्राहिम पर धारा - 279 ता. हि. पशु क्रूरता अधिनियम एवं म.प्र. कृषक पशु परिवहन अधिनियम की धारा - 184, 3/181, 166/192 एम. व्ही. एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर मामला की विवेचना की जा रही है।

ट्रक में लोडेड भैंस तथा पड़वा के जप्ती उपरांत पशुओं के अत्यधिक परेशान एवं भूखे प्यासे दम घुटते दैयनीय स्थिति देख चंचल डेयरी बुढार के मालिक चंचल यादव को सपुर्दगी में पुलिस द्वारा दिया गया है।

पशु तस्करी के उद्देश्य से ट्रक में ठूंस-ठूंस कर ले जाये जा रहे पशुओं के साथ ट्रक चालक को गिरफ्तार करने में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक गिरीश शुक्ला, गुलाम हुसैन तथा आरक्षक - कृष्ण कुमार मिश्रा, जयकृष्ण द्विवेदी की भूमिका सराहनी रही।

### पशुओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

पशु चिकित्सालय बुढार के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक सिंह अपने अधीनस्थ स्वास्थ्य अमले के साथ मंगलवार को प्रातः मवेशियों को दिये गये सपुर्दगी स्थल पहुंचकर पशुओं की गहन जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## बिना मुंडेर वाले कुआं एवं खुले बोरवेलों को सुरक्षात्मक तरीके से बंद किया जाए- कलेक्टर

मऊगंज।

कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि रीवा जिला अंतर्गत मनिका गांव में खुले बोरवेल में बच्चे गिरने की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा इस बारे में पहले भी लोगों से आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा धारा 144 के अंतर्गत आदेश भी जारी किया गया है कि खुले में बोरवेल या पुराने अनुपयोगी कुएं या इस तरह के कोई भी संरचना हो जिसमें दुर्घटना होने की संभावना बनती हो उसमें सुरक्षात्मक तरीके से पूरी सुरक्षा के साथ उसको बंद किया जाए। ऐसी संरचना को अच्छे से सील किया जाए। इस विषय को लेकर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने दोबारा लोगों से आग्रह करते कहा कि यह बहुत ही मानवीय विषय है इसमें पूरी संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्ण संवेदना से काम करते हुए अपने आस पड़ोस में चेक कर ले। और अब भी कहीं कोई खुला हुआ बोरवेल हो या इस तरह का पुराना सूखा अनुपयोगी कुआं या बावड़ी हो इस टाइप की जो असुरक्षित हो या बिना मुंडेर वाले कुआं हो वहां मुंडेर बनवाई जाय और खुले बोरवेल को बंद करें। जिससे दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने आम जनमानस से आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग जागरूकता का परिचय देते हुए और पूरी सजगता से प्रयास करें कि इस तरह की कोई घटना हमारे आसपास ना होने पाए। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यह विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है मैं सभी से आग्रह करता हूं की सब लोग इसमें आगे आए और अपने आसपास विशेष ध्यान रखें की कोई खुला बोर न हो। इस विषय पर जागरूकता से अपनी जागरूकता का परिचय दें और यदि इस तरह की कोई जानकारी आती है तो मऊगंज जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं। साथ ही संबंधित क्षेत्र के जो राजस्व अधिकारी हैं यह जनपद के अधिकारी हैं उनके संज्ञान में लाएं।

### निर्वाचन व्यय लेखा का द्वितीय निरीक्षण आज

**रीवा**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा का द्वितीय निरीक्षण आज 17 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों से अपने निर्वाचन व्यय लेखे का निरीक्षण कराने की अपेक्षा की है।

# बोरवेल की सूचना ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय को देना अनिवार्य - कलेक्टर

## अनूपयोगी बोरवेल के संबंध में 30 अप्रैल तक कार्यवाही पूरी करें - कलेक्टर

रीवा




कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को खुले बोरवेल बंद कराने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सभी निजी और सरकारी बोरवेलों का सर्वेक्षण कराएं। अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों की सूची तीन दिवस में तैयार कर सभी खुले बोरवेल बंद कराएं। जिन बोरवेलों में क्रेसिंग पाइप लगा हुआ है उन्हें लोहे के कैप से बंद कराएं। जिन बोरवेलों में क्रेसिंग पाइप नहीं हैं उन्हें पूरी तरह से भरकर बोरिंग मशीन से फिलिंग कराकर ठीक से बंद कराएं। इसके बाद उनके मुहाने को कंक्रीट से बंद कराएं। एसडीएम हर बोरिंग मशीन द्वारा खुले बोरवेल की फिलिंग का प्रतिदिन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम विकासखण्ड स्तर पर बैठक लेकर बोरवेल के संबंध में समुचित निर्देश तत्काल जारी करें। इस संबंध में पूर्व में भी निर्देश दिए गए हैं। इनका पालन सुनिश्चित कराएं। अनुपयोगी बोरवेल को बंद कराने की शत-प्रतिशत कार्यवाही 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूरी कराएं। ग्राम पंचायतवार तथा शहरी क्षेत्र में निकायवार सर्वेक्षण करके बोरवेलों की सूची संधारित करें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। एसडीएम, जनपद के सीईओ तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूची का स्वयं सत्यापन करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई अधीनस्थ अमले को इस संबंध में निर्देश देकर बोरवेलों को बंद कराने की कार्यवाही कराएं। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 दिनों तक कोई बोरिंग नहीं होगी। बोरिंग केवल पंजीकृत बोरिंग मशीनों से कराने की अनुमति होगी। बोरिंग कराने से पहले नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत को अनुमति सहित सूचना देना अनिवार्य होगा। सभी एसडीएम नलकूप खनन की अनुमति जारी करने के बाद उसकी सूचना संबंधित ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय को अवश्य दें। बिना अनुमति यदि कहीं पर बोरिंग करते पाए जाएं तो प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। किसी भी स्थिति में 30 अप्रैल के बाद अनुपयोगी बोरवेल खुला नहीं रहेगा। इस निर्देश का उल्लंघन होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। तय समय सीमा के बाद जिला स्तरीय टीम से बोरवेलों का सत्यापन कराया जाएगा। जिला प्रबंधक लोकसेवा गारंटी जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन दल तथा कंट्रोल रूम से बोरवेलों के सत्यापन की मॉनीटरिंग करें। आमजनता से भी यदि किसी अनुपयोगी बोरवेल के संबंध में सूचना मिलती है तो उसे तत्काल बंद कराने की व्यवस्था करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने अनुपयोगी बोरवेलों के संबंध में शासन के निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि विभागीय सर्वे के बाद 19401 अनुपयोगी बोरवेल चिन्हित किए गए थे। इनमें लोहे की कैप लगाकर भलीभांति बंद किया गया है। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ईडीसी वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

## निर्वाचन कार्य में तैनात प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को मतदान का अवसर मिलेगा

रीवा



मतदान दल के सदस्यों को दूसरे चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी मतदान कर्मियों को मताधिकार के उपयोग की सुविधा देने के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरवाकर ईडीसी जारी किए जा रहे हैं। ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय में ईडीसी जारी करने के लिए विधानसभावार अलग-अलग कक्षों में व्यवस्था की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने ईडीसी वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को मतदान का अवसर मिलेगा। जिन व्यक्तियों के नाम रीवा संसदीय क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल हैं उन सभी को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन लेकर ईडीसी जारी की जा रही है। सभी अधिकारी और कर्मचारी अनिवार्य रूप से आवेदन देकर अपने ईडीसी प्राप्त करें। जिससे उन्हे मतदान का अवसर मिल सके।

कलेक्टर ने कहा कि प्रभारी अधिकारी ईडीसी जारी किए गए तथा प्रपत्र भरकर वापस लौटे आवेदनों की विधानसभावार सूची तैयार कर लें। सक्षम अधिकारियों से हस्ताक्षर कराकर निर्वाचन कार्य में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के ईडीसी जारी करा दें।

# डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

रीवा



लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए ईटीपीबी एवं होम वोटिंग के प्रतिदिन प्राप्त होने वाले डाकमत पत्रों को पुराने कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष क्रमांक 15 में निर्मित स्ट्रांग रूम में प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षित रखा जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि स्ट्रांग रूम में मतपत्रों की सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। डाक विभाग से समन्वय बनाकर प्रतिदिन डाकमत पत्र प्राप्त कर उनका सुरक्षित भण्डारण करायें। स्ट्रांग रूम में सीसीटीव्ही कैमरा चालू हालत में रहे तथा सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि डाकमत पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिदिन शाम 5 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाय तब अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्यतः रहे।

## खबर संक्षेप

### आज शाम से थम जायेगा चुनावी शोरगुल

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश जारी कर कहा है कि मतदान समाप्ति के निर्धारित समय से 48 घण्टे पूर्व कोई भी प्रत्याशी निर्वाचन के सम्बन्ध में कोई भी सार्वजनिक सभा या जुलूस नहीं करेगा और न ही उसमें सम्मिलत होगा तथा न ही उसे संबोधित करेगा। कोई भी प्रत्याशी प्रचार समाप्ति के बाद किसी भी ऐसे सार्वजनिक आयोजन, धार्मिक आयोजन, शादी-विवाह समारोह में सम्मिलित होकर चुनाव प्रचार संबंधी किसी भी प्रकार की कोई अपील भी नहीं करेगा। टी.वी., चलचित्र, रेडियो, एफ.एम. चैनल, मोबाइल पर वीडियो संदेश, वॉइस संदेश और ऐसे किसी भी साधन से चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रचार संबंधी कोई अपील नहीं करेगा। कोई भी प्रत्याशी संगीत समारोह, नाट्य अभिनय और मनोरंजन के किसी भी ऐसे साधन का प्रयोग नहीं करेगा, जिससे चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की व्यवस्था भी नहीं करेगा। उक्त बातों का उल्लंघन होने पर दो वर्ष का कारावास या जुमार्ना या फिर दोनों प्रकार के दण्ड का प्रावधान है।

### निर्वाचन के दृष्टिगत धारा 144 लागू

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन हेतु 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ ने मतदान के पूर्व किसी भी अनैतिक, अवैधानिक, संदिग्ध, अनुचित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाकर लोक परिशांति बनाए रखने एवं मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से दंड प्रक्रिया संहिता 1993 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनूपपुर जिले की राजस्व सीमा के भीतर 17 अप्रैल 2024 की शाम 6 बजे से 19 अप्रैल की शाम 6 बजे तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि इस अवधि के दौरान राजनीतिक सभा, बैठक, रैली, जुलूस आदि का आयोजन उठना निषिद्ध रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का जवाब अथवा समूह बनाकर चलना प्रतिबंधित रहेगा, किंतु अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले घर-घर जनसंपर्क कार्यक्रम इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। उन्होंने कहा है कि ऐसे व्यक्ति जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है, उक्त अवधि प्रारंभ होते ही निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देंगे।

### संलग्नीकरण से मुक्त करने के बावजूद प्रभार नही छोड़ रहा पटवारी

**अनूपपुर।** 13 अप्रैल को उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर द्वारा आदेश क्रमांक 913 के तहत हल्का नंबर 19 दुलहरा के पटवारी अरविंद पाठक का संलग्नीकरण समाप्त करते हुये मूल पदस्थापना कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी के मुक्त किये जाने के बावजूद भी अरविंद पाठक दुलहरा हल्का छोड़ने को तैयार नही है। जबकि इनकी कारगुजारियों से दुलहरा वासी परेशान हैं इसी कारण पाठक की शिकायत उपजिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष की गई थी।

### बिना रॉयल्टी बिक रही रेत, जिम्मेदारों ने मूंदी आंखें

**अनूपपुर।** जिले की रेत खदान बंद होने के बाद भी रेत का परिवहन व विक्रय लगातार जारी है। रोजाना भारी संख्या में रेत से भरी ट्रालियां जिला मुख्यालय सहित तहसील मुख्यालय कोतमा, बिजुरी में विक्रय के लिए आती है। रेत से भरी इन ट्राली वालो के पास ना तो रायल्टी होती है और ना ही किसी तरह की प्रशासनिक अनुमति। बावजूद भी अवैध रेत का काला कारोबार खुले आम किया जा रहा है। अवैध रुप से लाई जा रही रेत का धड़ल्ले से कारोबार होने से प्रशासनिक अधिकारियो की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहे है कही ना कही प्रशासनिक अधिकारियो की मूक सहमति की बात सामने आ रही है। रेत का अवैध परिवहन अनूपपुर जिला के विभिन्न अंचलों में लगातार जारी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं करते हैं। जिले में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध रुप से परिवहन किया जा रहा है ।


---

### तेजी से फल-फूल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार

# हरे भरे खेतों में तैयार हो रहा सीमेंट कांक्रीट का जंगल

अनूपपुर/कोतमा।

नगर सहित गांवों की कीमती जमीनों पर इन दिनों प्रॉपर्टी डीलर्स की नजर गड़ी हुई है। नगर में इन दिनों अवैध प्लाटिंग कर जमीन की खरीद फरोख्त का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। लोग खुद के आशियाने की उम्मीद में नियमों की अनदेखी कर जमीन खरीद रहे हैं। अवैध प्लाटिंग के मसले पर प्रशासन की ओर से ठोस कार्यवाही न किये जाने के कारण दलाल लोगों की जीवन भर की कमाई को खुले आम लूट रहे हैं।



#### हरे भरे खेतों में तैयार हो रहा सीमेंट क्रांक्रीट का जंगल

नगर की आबादी दिनो दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोग अब खुद के आशियाने के लिए जमीन की खाक छान रहे हैं। प्रॉपर्टी डीलर्स इसका नाजायज फायदा उठाते हुए पहले तो गांव सहित शहर की जमीन की ओने पोने दाम पर खरीद फरोख्त करते हैं। इसके बाद किसानों से खरीदी गई कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जाती है और उसे बेच दिया जाता है। मोटी कमाई के के लिए दलाल सारे नियम कायदों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। नगर में जमीन की खरीदी बिक्री हर दिन हो रही है।

#### कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग

नगर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के किनारे इन दिनों कृषि भूमि को अवैध प्लाटिंग कर बेजा जा रहा है। पिछले कई वर्ष से यह सिलसिला जारी है। नगर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों से कृषि भूमि खरीदी जाती है और बाद में प्रॉपर्टी डीलर्स इसे प्लाटिंग कर बेच देते हैं। जबकि प्लाटिंग और कॉलोनी संबंधी कार्य के लिए कॉलोनाइजर के पास प्लाटिंग की खरीदी बिक्री का लाइसेंस होना अनिवार्य होता हे। ग्रामीण इलाकों के किसानों की कृषि भूमि को ज्यादा पैसे देकर खरीद ली जाती है। भूमि की खरीदी के बाद अवैध प्लाटिंग किया जाता है और उसे बेचा जाता है। औने-पौने दाम में खरीदे गए भूमि को कॉलोनी बनाए जाने के नाम पर बड़ी कीमत में बेचा जाता है।नियमों को ताक पर रखते हुए नगर पालिका क्षेत्र में मुख्य मार्ग के अलावा नए एनएच बायपास के दोनों तरफ नई कालोनियां लगातार विकसित हो रही है। अवैध प्लाटिंग का धंधा जोर-शोर से चल रहा है। प्रशासन की मौन स्वीकृति के चलते भू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि ताल तलैया में भी आशियाने बसाऐ जा रहे हैं। नगर के अनेक तालाब तलैया भू माफिया की भेंट चढ़ गए। जिसका खामियाजा नगर वासियों को गंभीर जल संकट के दौर से गुजर कर चुकाना पड़ रहा है इसके बावजूद भी लगातार ताल तलैया को जमींदोज करने का कार्य बदस्तूर जारी है।

#### कमीशन के खेल में बढ़ रहे जमीन के दाम

नगर के जमीन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण दलालों के जरिए जमीन की खरीदी बिक्री होना है। यदि जमीन के लिए सीधे मालिक व ग्राहक के बीच सौदा होता है तो कमीशन का खेल ही नहीं हो पाएगा। ऐसे में जमीन सस्ते दाम में उपलब्ध हो सकेगी। शहरी क्षेत्र में ऐसे कई कालोनाईजर्स की भरमार है जो पैसे के बलबूते पर औने-पौने दामों में जमीन खरीदी कर अवैध प्लाटिंग कर उसमें मकान बनाकर बेच देते हैं। बावजूद इसके जमीन के इस गोरखधंधे को बंद कराने में प्रशासन ने अब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया है।

#### लाखों रुपए का राजस्व चोरी

अवैध प्लाटिंग के जरिए हर वर्ष लाखों रुपए की राजस्व चोरी की जाती है। अवैध प्लाटिंग के जरिए कृषि भूमि को रहवासी क्षेत्र के लिए बेच दिया जाता है। वर्तमान में चल रहे अवैध प्लाटिंग करने वाले अब समूहों में कार्य करने लग गए हैं, जिससे राजस्व को लाखों रुपए का चूना लग रहा है। पिछले वर्ष नगर पालिका राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में सड़क के किनारे अवैध पार्टी को धराशाई कर दिया था । लेकिन एक बार फिर से अबैध प्लाटिंग का कार्य भू माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से शुरू कर दिया गया है। खुलेआम बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा है ।

#### हुई शिकायत

नगर के निवासी मंगल दीन प्रजापति ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत करते ही बताएं कि मेरे खसरा नंबर 901 /1/1/1 रकवा 10 डिसमिल मेरे निजी स्वामित्व की भूमि पेट्रोल पंप के सामने है जिसमें एक दबंग पार्षद के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर गड्ढा खुदवाते हुए बाउंड्री बाल का निर्माण करवाया गया है। उसने पुलिस से मदद गुहार लगाते हुए न्याय दिलवाये जाने की मांग की है।

---

## जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम संपन्न



अमरकंटक।

15 अप्रैल को माननीय प्राचार्य महोदय डॉ एसके राय की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में जिला स्तरीय आयोजन का दायित्व प्राप्त हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा मां शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शेख वाहिद संगीत शिक्षक के मार्गदर्शन मे स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों से आए गुरुजनों को पुष्प गुच्छ से स्वागत एवं अभिवादन किया गया। साथ ही समस्त विद्यालयों से आए गुरुजनों एवं छात्र-छात्राओं का मंच के माध्यम से परिचय प्राप्त किया गया। प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन द्वारा समस्त छात्र छात्राओ एवं आगंतुक शिक्षको का हार्दिक अभिनंदन किया तथा सबको शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम संयोजक एस के सोनी द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत पर निबंध लेखन, सृजनात्मक लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता मे चयनित सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्राओ का साक्षात्कार आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों का कार्य सराहनीय एवं उल्लेखनीय रहा। विभिन्न प्रतियोगिता के निर्णायक गण के रूप में एस के श्रीवास्तव, विनोद कुमार पटेल, लोकेंद्र यादव, श्रीमती मनोरमा कौशल, श्रीमती विद्या सोनी एवं सुश्री वंदना आदि ने प्रदत्त कार्यभार को बड़ी ही कर्मठता एवं निष्पक्षता से पूर्ण किया। विद्यालय के अंग्रेजी के वरिष्ठ शिक्षक आरके झा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे समस्त शिक्षको एवं छात्र छात्राओ का योगदान प्रशंसनीय रहा।

---

## 66 अग्निशामक शहीदों के बलिदान को याद कर मनाया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस




जैतहरी।

हिंदुस्तान पावर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस आयोजन में विभागीय कर्मियों के द्वारा रोमांचक ड्रिल का प्रर्दशन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्लांट प्रमुख बसंता मिश्रा ने उपस्थित होकर अग्निशामकों के दल का निरीक्षण किया एवं उन्होंने बताया कि आग से होने वाली तबाही एवं उससे होने वाले नुकसान से बचाव रखना न केवल अग्नि सुरक्षाकर्मियों की जिम्मेवारी है, बल्कि ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न ही न हो इसके लिए प्रत्येक नागरिक को सर्तक रहने की जरूरत है तथा सभी को अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। कंपनी के सुरक्षा विभाग के प्रमुख डॉ0 भोला प्रसाद कुशवाहा ने 14 अप्रैल 1944 को हुए बाम्बे हादसे के इतिहास को दोहराया तथा कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए 66 अग्निशामकों के बलिदान को बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजली दी और अग्नि सुरक्षा नियमों का सतर्कता से पालन करने हेतु प्रतिज्ञा ली। कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख आरके खटाना ने कहा कि अग्नि सुरक्षा यंत्रों का समय-समय पर परीक्षण करते रहना बेहद आवश्यक है जिससे न केवल सुरक्षा यंत्रों की समयावधि और गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि आपात स्थिति में यंत्रों के उपयोग के समय असुविधा से बचा जा सकेगा, साथ ही यह भी बताया कि हमारी यह टीम न केवल प्लांट परिसर में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है बल्कि कंपनी से लगे हुए क्षेत्र में भी आकस्मिक घटनाओं से निपटने में अपना अमूल्य योगदान देती रही है। वर्ष के दौरान ऐसी कई घटनाऐं सामने आई हैं जहां हमारे जाबाजों ने आग पर काबू पाकर बड़ी घटनाओं को होने से बचाया है। कंपनी के मेंटेनेंस विभाग के प्रमुख टीएम पाई ने बताया कि हमें प्रसन्नता है कि सुरक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर यंत्रों की जॉच एवं मॉकड्रिल के माध्यम से उनका परीक्षण किया जाता है। साथ ही बताया कि विभाग सदैव ही प्लांट परिसर में कार्यरत कर्मियों को अग्नि सुरक्षा नियमों के प्रशिक्षण की आवृत्ति को बढ़ाने पर जोर देता रहा है। कार्यक्रम में अग्निशामकों को वर्ष के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रबंधन के द्वारा उन्हें पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों ने अग्नि सुरक्षा यंत्रों का निरीक्षण किया और विभाग के कार्यों की सराहना की।

---

## आयोजित प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने किया संबोधित





अनूपपुर।

मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने 16 अप्रैल को अनूपपुर जिले के भालूमाडा बाल शिक्षा निकेतन स्कूल एवं अमरकंटक तिराहे के पास स्थित मनोज द्विवेदी के निवास स्थान पर आयोजित प्रबुद्ध जन संगोष्ठी को संबोधित करने के लिए पहुंचे।

जहां पर उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के द्वारा पिछले 10 वर्षों के अंदर किए गए अनेक इतिहास ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद करोड़ों लोगों को पक्का मकान स्वास्थ्य सुविधा युवाओं को रोजगार महिलाओं का सशक्तिकरण किसानों का सम्मान गरीबों का कल्याण कश्मीर समस्या का समाधान धारा 370 की समाप्ति तीन तलाक नागरिकता संशोधन कानून राम मंदिर का निर्माण जैसे अनेक कार्य विजन के आधार पर मोदी सरकार ने किया है।

#### मोदी सरकार के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर भारत

दुनिया के अंदर भारत मोदी सरकार के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर है यही कारण है की तीसरी बार मोदी के प्रधानमंत्री बनने से विपक्षी घबराए हुए हैं। हमारी सरकार जात-पात को लेकर नहीं चलती है हम मानते हैं कि हमारे जात गरीब, किसान, नारी शक्ति और चौथी जाती युवा।

गरीब गरीबी रेखा के बाहर निकले और हमारा देश आगे बढ़े, किसान केवल अपनी गरीबी नहीं दूर करेगा देश की गरीबी दूर करेगा युवा को रोजगार मिलेगा तो बेरोजगारी दूर होगी भाजपा ने जो काम किया इसी कारण से मध्य प्रदेश बीमारू राज्य से बाहर हुआ सिंचाई के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के अंदर बड़े पैमाने पर कार्य किए गए केन बेतवा परियोजना जैसी अनेक योजनाएं देश और प्रदेश के अंदर चल रही हैं जिसके कारण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है पहले की सरकारे धन की कमी का रोना रोती थी। आज हमारी सरकार के माध्यम से चारों तरफ विकास की अनेक परियोजना में तेज गति से चल रही है।

#### प्रेस वार्ता को किया संबोधित

प्रबुद्ध जन संगोष्ठी कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया उन्होंने मीडिया के सामने भाजपा का संकल्प पत्र रखते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 के लक्ष्य को लेकर दुनिया के अंदर भारत को पहले स्थान पर लाकर देश को विश्व गुरु बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना 2014 में प्रारंभ की गई जिसकी सफलता को देखते हुए इस बार मोदी सरकार 3 करोड़ और गरीबों के मकान बनाएगी गरीबों के सर पर पक्का छत हो महिलाओं का सशक्तिकरण हो एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया गया है।

श्री शुक्ल ने शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सांसद ने शहडोल संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं हम सब मिलकर विंध्य के विकास के लिए आगे और कार्य करेंगे।

#### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रहे उपस्थित

आयोजित प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में प्रमुख रूप से अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदास पुरी नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष भाजपा के उपाध्यक्ष राम अवध सिंह मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह पूर्व मीडिया प्रभारी मनोज द्विवेदी तथा मंच पर सभी वर्गों से प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही।

#### जिला विकास मंच ने किया अभिनन्दन

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का अनूपपुर जिला विकास मंच द्वारा अनूपपुर में सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मनोज द्विवेदी, डा देवेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, महेन्द्र केशरवानी, विवेक बियाणी, बीजू थामस, राकेश पाण्डेय, मनोज मिश्रा, राज किशोर तिवारी, कृष्णानंद द्विवेदी, मनोज श्रीवास्तव, सुनील कुशवाहा, अमितेष द्विवेदी, शौर्य द्विवेदी के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

---

## रेत का अवैध परिवहन करते वन विभाग में जप्त किए दो ट्रैक्टर



**अनूपपुर।** अनूपपुर वन मंडल अंतर्गत अनूपपुर तथा जैतहरी वन परिक्षेत्र की सीमा के मध्य सोनमौहरी एवं महुदा के बीच विगत रात दो ट्रैक्टरों को बिना किसी वैध दस्तावेज के रेत परिवहन करते वनविभाग की एसटीएफ टीम द्वारा जप्त कर कार्यवाही की है। वनविभाग द्वारा दो माह से किए जा रहे निरंतर रात्रि ग्रस्त के दौरान अवैध रूप से लकड़ी, रेत, गिट्टी एवं अन्य तरह के सामग्रियों के परिवहन कर रहे अनेकों वाहनों को बैध दस्तावेज का परीक्षण कर वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में जप्त कर कार्रवाई की जा चुकी है जो निरंतर जारी है। इस संबंध में अनूपपुर वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पन्द्रे ने बताया कि विगत रात दक्षिण वन मंडल शहडोल की एसटीएफ टीम के द्वारा अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र के वन अधिकारियों के साथ आकस्मिक रात्रि गस्त वाहन परीक्षण दौरान ग्राम पंचायत महुदा के छकडियाटोला गांव में रेत का अबैधानिक रूप से परिवहन कर रहे ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 18 अअ 4495 जिसका मालिक मनोज राठौर चालक तेज सिंह उर्फ छोटू निवासी सोनमौहरी दूसरा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 65 अअ 4375 वाहन मालिक अश्वनी राठौर चालक रामप्रसाद बैगा निवासी सोनमौहरी के रूप में पहचान हुई को रोक कर वैधानिक दस्तावेज मांगे जाने पर दस्तावेज प्रस्तुत न करने के कारण वन परिक्षेत्र कार्यालय जैतहरी में जप्त कर खड़ा किया गया है तथा दोनों ट्रैक्टरों के मालिकों के विरुद्ध अवैध परिवहन से संबंधित वन अपराध दर्ज कर कार्यवाही की गयी है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्यवाही में एसटीएफ दक्षिण वनमंडल शहडोल के प्रभारी कमला वर्मा, वनपाल/परिक्षेत्र सहायक बुढार जेपी मौर्य, कार्यवाहक वनपाल सुरेश बैगा, वनरक्षक बीट जमुई तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर एवं जैतहरी स्वर्ण गौरव सिंह, विवेक मिश्रा, हरीश तिवारी वन परिक्षेत्र अधिकारी कोतमा, एके निगम उपवन क्षेत्रपाल, आरएस सिकरवार परिक्षेत्र सहायक जैतहरी, सत्येंद्र मिश्रा बीटगार्ड जैतहरी, कोमल सिंह बीटगार्ड धनगवां एवं बिहारीलाल रजक बीट गार्ड सकोला, कुशल प्रसाद मानिकपुरी बीटगार्ड हरद एवं रूपसाय बैगा वाहन चालक वनमंडल अनूपपुर की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। अनूपपुर वन मंडल में शासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार विगत दो माह से निरंतर रात्रि गश्त के दौरान वाहनो का आकस्मिक निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है जिसमें वर्तमान समय तक तीन दर्जन से अधिक वाहनों को जिसमें वैध दस्तावेज के बगैर अवैधानिक रूप से लकड़ी, रेत एवं अन्य सामग्रियों को रात मे अंधेरा होने का फायदा उठाकर परिवहन करने दौरान जप्त कर कार्यवाही की जा चुकी है जो निरंतर जारी है।